प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का कल लखनऊ आगमन पर होगा भव्य स्वागत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मान समारोह में करेंगे अभिनंदन।
2. केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– दश पहले मानव युक्त अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिये है पूरी तरह तैयार, यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में होगा एक नया अध्याय।
3. मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में पैडलगंज गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल : पर्यटन विकास कार्यो एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का किया लोकार्पण।

और

4. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी, बदायूं, फर्रुखाबाद में गंगा, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के लोक भवन सभागार में कल भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का नागरिक अभिनंदन करेंगे। लखनऊ निवासी शुभांशु शुक्ला अपनी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से लौटने

के बाद पहली बार कल 25 अगस्त को लखनऊ आ रहे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बाइट.....

*लखनऊ के लाल शुभांशु शुक्ला जी अंतरिक्ष की यात्रा करके पहली बार अपने गृह नगर में पधार रहे हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार और लखनऊ की जनता उनका हृदय से स्वागत करती हैं, अभिनंदन करती हैं और हम सब गौरवान्वित हैं और आने वाले समय अंतरिक्ष में भारत का होगा ऐसा विश्वास है।*

शुभांशु शुक्ला कल सुबह सवा आठ बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। हवाई अड्डे पर स्पेशल बैंड बाजे के साथ उनका स्वागत किया जायेगा। एक रिपोर्ट.....

*लखनऊ के लाल शुभांशु शुक्ला का अमौसी हवाई अड्डे पर कल सुबह शानदार स्वागत किया जाएगा। उनके स्वागत के लिए पिता शंभू दयाल शुक्ला माता आशा शुक्ला और दोनों बड़ी बहनों सहित परिवार के निकट संबंधी मौजूद रहेंगे। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित तमाम पार्षद भी एयर पोर्ट पर उपस्थित रहेंगे।*

*बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहेंगे वहां से कुछ दूर तक शुभांशु खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए विक्ट्री परेड निकालेगें। यह विक्ट्री परेड सिटी मांटेसरी स्कूल की गोमती गोमती नगर विस्तार शाखा पर जाकर खत्म होगी। इसके बाद शुभांशु स्कूली बच्चों से संवाद करेंगे और उनके सवालों के जवाब देंगे। अमौसी एयरपोर्ट विक्ट्री परेड स्थल के आसपास सुबह सात बजे से कार्यक्रम की समाप्ती तक यातायात डायवर्जन लागू रहेगा।*

*शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला और उनका माता आशा शुक्ला बेटे के स्वागत को लेकर बेहद उत्साहित है। बाइट.....*

*शंभू दयाल शुक्ला बाइट.....*

*बहुत अच्छी बात है कि प्रदेश की जनता इतना आशीर्वाद दे रही है और उसके स्वागत के लिए तैयारिया कर रही है हमारे लिए बड़ी गौरव की बात है पूरी देश की जनता का सबका आशीर्वाद मिला है दुआएं मिली हैं और ये हमारे लिए गौरव की बात है बड़ी खुशी की बात होती है मतलब हमारे बच्चों को इतना आशीर्वाद इतनी दुआएं मिलती हैं।*

*आशा शुक्ला बाइट.....*

*तैयारियां खूब जोरों–शोरों से हैं, बहुत ज़्यादा सब खुश हैं और, उनका जोरदार स्वागत करने के लिए सब तैयार बैठे हैं, पूरा परिवार हमारा. कल एयरपोर्ट पे ही जाएंगे, देखेंगे वहीं पर जाएंगे, धूम–धड़ाका के जो कुछ होगे, मचाएंगे अच्छी बात है ये सबको जोश है कि हां शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जो गये थे वापस आ रहे हैं सब बहुत खुश है। पूरी जनता खुश है। पूरे मोहल्ले वाले हमारे बहुत  खुश है।*

*मुमताल अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

शुभांशु शुक्ला हाल ही में एक्सिओम–4 मिशन पूरा कर भारत लौटे हैं। शुभांशु शुक्ला अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री है। मिशन के दौरान उन्होंने 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग किय।

——————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत अपने पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि यह महज तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया अध्याय है। श्री सिंह ने यह बात आज नई दिल्ली में गगन यात्रियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कही। इन

यात्रियों में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप शामिल हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत केवल उपग्रह अंतरिक्ष में नहीं भेज रहा, बल्कि भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में पूरी दुनिया को अपनी ताक़त दिखाई है। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रमा से लेकर मंगल तक अपनी उपस्थिति पहले ही दर्ज करा दी है। बाइट....

*चंद्रयान से लेकर मंगलयान तक हमने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद इच्छा शक्ति यदि असीमित हो लक्ष्य हमारे सामने स्वाभाविक रूप से छोटा पड़ जाता है। भारत का विजन स्पष्ट है। भारत इस देश को केवल रिसर्च के क्षेत्र के रूप में नहीं देखा है, बल्कि हम इसे आने वाले कल की इकोनॉमी, सिक्योरिटी, एनर्जी और ह्यूमेनिटी के फ्यूचर के रूप में भी देखते हैं।*

ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने इस अवसर पर एक्सिओम मिशन के अपने अनुभव साझा किये। बाइट....

*यह जो मिशन है। यह हमारे देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि भारत अपनी जर्नी पर है। ह्यूमन स्पेस लाइफ मिशन की, मिशन गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अंततः लैंडिंग ऑन मून है। इस मिशन से जो कुछ भी सीख हमें प्राप्त हुई है, मुझे लगता है वो बहुत ही यूनिक है और बहुत ही क्रिटिकल है हमारे मिशन को एग्जीक्यूट करने के लिए और अगले कुछ महीनो में, सालों में यह कोशिश रहेगी कि जो कुछ भी हमने सीखा है, वो हम इफेक्टिवली अपने मिशन में यूज कर पाएं।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरुग्रंथ साहिब के 421वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पर्यटन विकास कार्य और गुरुद्वारा भवन के नये स्वरूप सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्रो ने कहा कि सिख गुरुओं की परम्परा अनुपम और अटूट रही है, जिसने सनातन धर्म के लिये बारबार अपनी शहादत दी। बाइट.....

*ये जो गौरवशाली इतिहास जिस सिख जाती का हो, अपने लिये नहीं देश के लिये, अपने लिये नहीं सनातन धर्म के लिये,कश्मीर के लिये, जिन्होंने अपने आपको बलिदान दिया हो,सनातन धर्म के लिये जिन्होंने अपना बलिदानदिया हो, आज ये हम सबकी जिम्मेदारीबनती है कि उसके प्रति कृ तज्ञता ज्ञापित करने के लिये हम भी उन सिख गुरूओं की उसपरंपरा के प्रति कुछ कृतज्ञता ज्ञापित करें।*

——————————

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के एनेक्सी भवन में जिले में जारी विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर विकास परियोजना को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी बनाया जाए जो कार्य की नियमित निगरानी करें।

——————

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी आज महराजगंज जनपद के दौरे के दौरान जन सम्पर्क अभियान में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उन्हें केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला और नौजवान की सरकार है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास को गांव–गांव तक पहुंचाने का काम किया है, जबकि विपक्षी दल झूठे वादों और जातिवाद की राजनीति कर सीमित रहे हैं।

——————

आगरा में वीरांगना अवंती बाई लोधी की 194 वीं जयंती के अवसर पर आज विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा और प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी ने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि जो जाति,धर्म, वर्ग, क्षेत्र, पुरखों का सम्मान नहीं करता वो आगे नहीं बढ़ता है।

—————————

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य और राज सदन अयोध्या के मुखिया विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र का आज अयोध्या में सरयू तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। 75 वर्षीय विमलेन्द्र मोहन प्रताप सिंह का कल रात अयोध्या में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

—————————

प्रदेश में रुक—रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। चंदौली में लगातार बारिश की वजह से बंधों को टूटने से रोकने के लिये

हजारों क्यूसेक पानी को नदियों में छोड़ा जा रहा है, जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उन्हें भोजन एवं अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये। बाइट....

*जनपद चंदौली में पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के कारण चंदप्रभा डैम से करीब 10,000 क्यूसिक पानी छोड़ा गया है और नौगर डैम से करीब 25,000 क्यूसिक पानी छोड़ा गया है जिसके कारण से जनपद के करीब 15 गांव प्रभावित हुए हैं हमारी बाढ़ को ले करके पूरी तैयारियां हैं हमारी बाढ़ चौकियां तैयार हैं, हमारे पशु शिविर भी तैयार हैं, मेडिकल टीम भी सब जगह पोस्टेड हैं एस0डी0आर0एफ0 की टीम भी मौके पे मौजूद है।*

(समाप्त)